**बिहार सरकार**

**लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग**

**आदेश**

संचिका सं0–12 / वि0–126 / 2024– 1049 पटना, दिनांक– 24.6.26

मेसर्स भवानी इंटरप्राइजेज, प्रो0 पम्मु यादव ग्राम–सिसाना, जिला–गोपालगंज (सूचीबद्धता संख्या–1767 / 2019) को विभागीय कार्यालय आदेश संख्या–342–सह–पठित ज्ञापांक–2639 दिनांक–13.11.2020 के द्वारा किये गये डिबार के विरूद्ध दायर अपील अभ्यावेदन दिनांक–23.06.2026 के सुनवाई के संबंध में।

---

23.06.2026 मेसर्स भवानी इंटरप्राइजेज, प्रो0 पम्मु यादव ग्राम–सिसाना, जिला–गोपालगंज (सूचीबद्धता संख्या–1767 / 2019) एवं कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, समस्तीपुर सुनवाई में उपस्थित।

मेसर्स भवानी इंटरप्राइजेज प्रो0 पम्मु यादव ग्राम–सिसाना, जिला–गोपालगंज लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, समस्तीपुर अंतर्गत संवेदक मेसर्स भवानी इंटरप्राइजेज को एकरारनामा संख्या–SBD-153/2019-2020 के तहत आवंटित कार्य ससमय पूर्ण नहीं किये जाने के कारण विभागीय कार्यालय आदेश संख्या–342–सह–पठित ज्ञापांक–2639 दिनांक–13.11.2020 के द्वारा अगले निविदा में भाग लेने से वंचित किया गया था।

संवेदक के द्वारा एकरारनामा के तहत आवंटित कार्य पूर्ण करने के उपरांत क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, मुजफ्फरपुर प्रक्षेत्र मुजफ्फरपुर के पत्रांक–63 दिनांक–24.01.24 द्वारा डिबार मुक्त करने की अनुशंसा की गई जिसके आलोक में कार्यपालक अभियंता एवं संवेदक की उपस्थिति में दिनांक–29.05.24 को सुनवाई की गयी थी। सुनवाई के क्रम में संवेदक द्वारा नियमित विद्युत विपत्र एवं पंप चालको का नियमित मानदेय का भुगतान से संबंधित साक्ष्य समर्पित नही करने के कारण डिबार हेतु निर्गत विभागीय आदेश को यथावत् रखते हुए संवेदक के डिबार मुक्त करने संबंधी अपील अभ्यावेदन को विभागीय आदेश पत्रांक–427 दिनांक–05.06.24 से अस्वीकृत कर दिया गया।

संवेदक के द्वारा डिबार से मुक्त करने हेतु दिनांक–05.02.26 को विभाग में पुनः अपील अभ्यावेदन समर्पित किया गया। जिसके आलोक में क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, मुजफ्फरपुर प्रक्षेत्र मुजफ्फरपुर द्वारा अपने कार्यालय के पत्रांक–465, दिनांक–11.05.26 के माध्यम से योजनाओं के लंबित विद्युत विपत्र एवं पंप चालकों के बकाया मानदेय का भुगतान से संबंधित साक्ष्य उपलब्ध कराते हुए संवेदक को डिबार से मुक्त करने की अनुशंसा की गई।

संवेदक से प्राप्त अभ्यावेदन एवं क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, मुजफ्फरपुर प्रक्षेत्र, मुजफ्फरपुर से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में दि0–23.06.2026 को अद्योहस्ताक्षरी द्वारा इस मामले की सुनवाई की गयी, जिसमें संवेदक तथा कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, समस्तीपुर (Virtual mode में उपस्थित) द्वारा भाग लिया गया। सुनवाई के क्रम में संवेदक द्वारा उपस्थित होकर अपना पक्ष रखा गया। साथ ही, कार्यपालक अभियंता द्वारा भी मामले से संबंधित जानकारी उपस्थापित की गई। कार्यपालक अभियंता के द्वारा इस तथ्य से अवगत कराया गया कि वर्णित एकरारनामा अंतर्गत संचालित योजनाओं के विद्युत देयता एवं पंप चालको के मानदेय का भुगतान कर दिया गया एवं वर्तमान में योजनाओं से नियमित रूप से जलापूर्ति की जा रही है।

अतः सम्यक समीक्षोपरांत संवेदक के अभ्यावेदन एवं क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, मुजफ्फरपुर प्रक्षेत्र मुजफ्फरपुर के पत्रांक–465, दिनांक–11.05.26 से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में विभागीय आदेश संख्या–342–सह–पठित ज्ञापांक–2639, दिनांक–13.11.2020 से एजेंसी मेसर्स भवानी इंटरप्राइजेज प्रो0 पम्मु यादव (सूचीबद्धता सं0–1767 / 2019) को आगामी निविदाओं में भाग लेने से वंचित किये जाने संबंधी पारित आदेश को तत्काल प्रभाव से विलोपित किया जाता है।

ह0 / –

(राजेश कुमार)

प्रधान सचिव

ज्ञापांक–12/वि0–126/2024– 1049 पटना, दिनांक– 24.6.26

प्रतिलिपि–अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव/अभियंता प्रमुख, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना/नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम, बिहार, पटना/बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना/बुडको, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

अभय 24.06.26

(अभय कुमार सिंह)

मुख्य अभियंता (रूपांकण)

ज्ञापांक–12/वि0–126/2024– 1049 पटना, दिनांक– 24.6.26

प्रतिलिपि–अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मुख्यालय)/सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता/सभी अधीक्षण अभियंता/सभी कार्यपालक अभियंता/आई0 टी0 मैनेजर, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

आई0 टी0 मैनेंजर को निदेश है कि इसे विभागीय वेवसाईट पर अपलोड किया जाय।

अभय 24.06.26

(अभय कुमार सिंह)

मुख्य अभियंता (रूपांकण)

Speed Post/
Email

ज्ञापांक–12/वि0–126/2024– 1049 पटना, दिनांक– 24.6.26

प्रतिलिपि–कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, समस्तीपुर/संवेदक, मेसर्स भवानी इंटरप्राइजेज, प्रो0 पम्मु यादव ग्राम–सिसाना, जिला–गोपालगंज, पिन–841436 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभय 24.06.26

(अभय कुमार सिंह)

मुख्य अभियंता (रूपांकण)

ज्ञापांक–12/वि0–126/2024– 1049 पटना, दिनांक– 24.6.26

प्रतिलिपि–प्रधान सचिव के प्रधान आप्त सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

अभय 24.06.26

(अभय कुमार सिंह)

मुख्य अभियंता (रूपांकण)